शुल्क बिना) हैं। सिलिकोन धातु का प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य करीब 34,400 रुपये प्रति टन है।

बिहार में खनिजों पर रायल्टी

3445. श्री राम अवधेश सिंह: क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार को 16 मई, 1991 को बिहार सरकार से खनिजों पर रायल्टी बढ़ाये जाने के संबंध में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि बिहार सरकार ने पहले 30 अक्तुबर, 1989 को भी एक प्रस्ताव भेजा था और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(घ) बिहार से बाहर भेजे जा रहे सभी खनिजों के नाम, उनकी मात्रा, उनके मूल्यों का ब्यौरा क्या है और उनका खनन करने वाली कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं तथा उनके द्वारा उत्पाद शुल्क, आयकर, बिक्रीकर आदि के रूप में अदा की गई धनराशियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बिहार में पाये जाने वाले खनिजों के संयोजन से विनिर्मित वस्तुओं की सूची का ब्यौरा क्या है और उनसे विनिर्मित तैयारशुदा उपभोक्ता वस्तुएं कौन-कौन सी हैं और उनका बाजार मूल्य कितना-कितना है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) से (ग) खनिजों (कोयला, लिग्नाइट और भराई रेत को छोड़कर) की रायल्टी दरों में संशोधन बाबत सिफारिशें करने हेतु सरकार द्वारा गठित अध्ययन दल द्वारा परिचालित प्रश्नावली के उत्तर में बिहार सरकार ने अपने 30-10-1989 के पत्र द्वारा 11 खनिजों के बारे में जो मुख्यत: बिहार में मिलते हैं, अपनी राय भेजी थी। उसमें इन खनिजों हेतु बिहार सरकार द्वारा उचित समझी गई संशोधित रायल्टी दरों का भी उल्लेख था।

दिनांक 16.5.1991 के बाद के पत्र में, जो बिहार के खान व भूतत्व मंत्री ने इस्पात और खान मंत्री को लिखा था, यह सुझाव दिया गया था कि रायल्टी की संशोधित दरों में, राज्यों द्वारा लगाये गये उपकर, खनिज अधिकार कर, आदि के न्यायालयों द्वारा समाप्त किए जाने से, राज्य सरकारों को ही रही हानि को भी ध्यान में रखा जाए। बिहार में प्राप्त 11 खनिजों हेतु रायल्टी की निम्नलिखित विशिष्ट दरों का भी सुझाव था।

खनिज का नाम	बिहार सरकार के सुझाव में संशोधित रायल्टी दर
लोहा	रु० 48/- प्रति टन
बाक्साइट	रु० 132/- प्रति टन
चूना-पत्थर	रु० 75/- प्रति टन
तांबा	रु० 24/- प्रति युनिट तांबा अयस्क।
अभ्रक-कच्चा	रु० 64/- प्रति टन
कतरन	रु० 32/- प्रति टन
सिलि का बालू	रु० 16/- प्रति टन
क्वार्टज/स्टीटाइट क्वार्ट्जाइट	
फेल्सपार	रु० 16/- प्रति टन
पायराइट	रु० 2/- प्रति युनिट सल्फर।
डोलोमाइट	रु० 23/- प्रति टन
चीनी मिट्टी-कच्ची	रु० 28/- प्रति टन
धुली हुई	रु० 112/- प्रति टन
फायरक्ले	रु० 20/ प्रति टन

(घ) और (ङ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।